शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट - सराहनीय कार्य दिनांक – 15.12.2024

थाना कटरा पुलिस द्वारा चोरी का ड़ीजल खरीदने वाले प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी, रोकथाम मादक पदार्थ/अवैध शराब शस्त्र, बिक्री - निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 11.11.2024 को वादी मुकदमा श्री कृष्ण मोहन सिंह द्वारा थाना हाजा पर तहरीर दी जिसके आधार पर मु0अ0सं0 511/2024 धारा 303(2) BNS पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त रिंकू पुत्र राधेश्याम नि0 ग्राम हुसेपुर थाना शाहबाद जनपद हरदोई को दिनांक 14.12.2024 को समय करीब 15.45 बजे उसके घर के बाहर बनी दुकान से थाना कटरा की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1.रिंकू पुत्र राधेश्याम नि0 ग्राम हुसेपुर थाना शाहबाद जनपद हरदोई उम्र करीब 45 वर्ष

बरामदगी का विवरणः-

अभियुक्त द्वारा डीजल बेचकर प्राप्त किये गये 1600/- रूपये बरामद

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –

1-मु0अ0सं0 511/2024 धारा 303 (2)/317(2) BNS थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

पूछताछ का संक्षिप्त विवरणः- अभियुक्त रिंकू पुत्र राधेश्याम नि0 ग्राम हुसेपुर थाना शाहबाद जनपद हरदोई ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने कई बार डीजल विनीत व उसके साथियो से खरीदा था। उस डीजल को मै सस्ते दामो मे खरीद कर ट्रक ड्राइवरो को बेच देता था। जो पैसे मिलते थे उन्हे अपने घर खर्च मे इस्तेमाल करता था। दिनांक 08.11.2024 को मैने विनीत से 140 लीटर डीजल खरीदा था वह मैने एक ट्रक ड्राइवर को 80 रूपये प्रति लीटर मे बेचा था। जो 1600 रूपये आपको मेरी जेब से मिले है यह उन्ही पैसो मे से बचे थे जो 140 लीटर डीजल मैने बेचा था।

नोटः- उक्त अभियोग में अभियुक्त विनीत को दिनांक 12.11.24 को मा0 न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. उ0नि0 अनुज चौधरी थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. का0 2129 फरमान थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2300 अंकित नेहरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2685 प्रवीण कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर